# कोई बद्दुआ दे तो क्या करें...



ब्र.कु. शिवानी बहन, जीवन प्रबंधन विशेषज्ञा

आप परमात्मा के बच्चे हैं, दाता के बच्चे, दाता हो ना! तो दाता का काम क्या होता है? देना। तो सबसे अच्छी चीज़ है दुआयें देना। कैसा भी व्यक्ति हो लेकिन है तो आपका भाई या बहन ना! हम एक परमात्मा के बच्चे भाई-बहन हैं। एक ही माँ के पेट से निकले दो बच्चे भी एक-दूसरे को दुआ नहीं देते हैं, इसका एक ही रिज़न है दाता के बजाय लेने वाले बन गये। रिश्तों में सिर्फ यही रिज़न है, देने वाले। एनर्जी देने वाले हर रिश्ते में आज हम लेने वाले। हमें सबसे चाहिए... चाहिए। अगर बद्दुआ वाले को आप दुआ देंगे, वो दे या न दें लेकिन आप दुआ देंगे तो दुःख क्यों होगा! जब उसको दुआ दी तो खुद की स्थिति क्या हो जायेगी? अगर यह हम न करें तो उसकी निगेटिव एनर्जी हमें दुःखी कर देगी। मैं उसके लिए निगेटिव सोचता जाऊं, सोचता जाऊं, वो ज़हर हम खुद ही पी रहे हैं। जो चिंतन कर रहा है वो खुद ही पी रहा है। ज्ञान का मंथन करेंगे, अच्छी-अच्छी बातों का मंथन करेंगे वो भी खुद ही पीने को मिलेगा। दूसरों की कमज़ोरियों का मंथन करेंगे वो भी हमारी ही प्रोपर्टी बन जायेगी। इसलिए बाबा ने कहा अगर बद्दुआ देने वाले को भी आप दुआ देंगे, वो दे न दे लेकिन आप दुआ देंगे तो दुःख क्यों होगा? ये तो अपनी प्रोटेक्शन हो गई ना!

बाबा आप बच्चों को एक वरदान देता है। वरदान याद रखेंगे तो सदा खुश रहेंगे, ब्लेसिंग। तो परमात्मा एक वरदान देता है। वरदान देता है कि अगर कोई आपको दुःख दे तो भी आप दुःख लेना नहीं। वो दे लेकिन आप नहीं लेना। क्योंकि देने वाले ने तो दे दिया लेकिन लेने वाले तो आप हो ना! लेकिन बाबा ने कहा लेने वाले तो आप हो, देने वाला लेने वाला नहीं है, देने वाला सिर्फ देने वाला है। लेने वाले तो आप हो ना! अगर वो बुरी चीज़ देता है, दुःख देता है, अशान्ति देता है, तो बुरी चीज़ है ना! आपको दुःख पसंद है? नहीं पसंद है? ये तो बुरी चीज़ हो गई, तो बुरी चीज़ ली जाती है क्या? तो कोई आपको बुरी चीज़ दे तो आप लेंगे क्या?

कोई आपको ऐसी गिफ्ट दे जो अच्छी चीज़ नहीं है, नहीं लेंगे ना! लेकिन लेते क्यों हो फिर? अगर दुःख ले लेते हो तो दुःखी कौन होता है? उन्होंने निगेटिव एनर्जी भेजी अगर आपने अटेन्शन नहीं रखा तो आपने मेरी निगेटिव एनर्जी रिसीव कर ली। आप दुआयें नहीं दे रहे थे तो मेरी निगेटिव आपको पहुंच जायेगी। फिर दुःखी कौन होता है? आप होते हैं या वो होता है? लेने वाला ज़्यादा दुःखी होता है ना! अगर अभी से दुःख लेंगे नहीं तो आपका आधा दुःख तो दूर हो जायेगा। लेंगे ही नहीं। और आप दुःख की बजाय उसको सुख देंगे अगर, तो दुआयें मिलेंगी। तो सुखी भी रहेंगे और दुआओं का खज़ाना भी भरपूर होता जायेगा। हर आत्मा से कैसी भी हो आप दुआयें लो। शुभ भावना, शुभ कामना रखो।

**बाबा ने कहा लेने वाले तो आप हो, देने वाला लेने वाला नहीं है, देने वाला सिर्फ देने वाला है। लेने वाले तो आप हो ना! अगर वो बुरी चीज़ देता है, दुःख देता है, अशान्ति देता है, तो बुरी चीज़ है ना! तो कोई आपको बुरी चीज़ दे तो आप लेंगे क्या?**



बिलासपुर-टिकरापारा(छ.ग.)। जिले में नशामुक्ति अभियान 'निजात' के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शासकीय कृषि महाविद्यालय,बिलासपुर के सभागार में आयोजित भव्य कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ संस्था के निजात अभियान से जुड़े बिलासपुर टिकरापारा सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. मंजू दीदी, ब्र.कु. गायत्री बहन, ब्र.कु. प्रीति बहन, ब्र.कु. राकेश, ब्र.कु. संदीप, ब्र.कु. भूषण आदि सदस्यों को मंच पर प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन. बाजपेयी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, कृषि महाविद्यालय के डीन राजकुमार तिवारी, डीएसपी अर्चना झा सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुख उपस्थित रहे।



वारंगल-तेलंगाना। नवनिर्वाचित फॉरेस्ट,एनवायरमेंट एंड एंडोमेंट स्टेट मिनिस्टर श्रीमती कोंडा सुरेखा गरु को गुलदस्ता भेंट कर बधाई देते हुए ब्र.कु. श्रीलता बहन तथा अन्य।



राजनांदगांव-छ.ग.। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ग्राम कोपेहीड में आयोजित महोत्सव में उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए ब्र.कु. प्रभा बहन। साथ हैं ब्र.कु. खेमिन बहन एवं मानस सम्मेलन की सभी महिलाएं।



मुम्बई-घाटकोपर। ब्रह्माकुमारीज़ योग भवन,घाटकोपर सबज़ोन द्वारा गृहस्थ में रहते 25 वर्षों से अधिक समय से राजयोगी पवित्र जीवन जीने वाले ब्र.कु. भाई-बहनों के 'तपोत्सव-तपस्वी जीवन की रजत जयंती' समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में घाटकोपर सबज़ोन से सम्बंधित पूरे महाराष्ट्र से 300 से भी अधिक ब्र.कु. भाई-बहनों को सम्मानित किया गया तथा एक भव्य-दिव्य मेगा रैली भी निकाली गई। इस समारोह में बौध भिक्षुक एवं भीकू संघ के अध्यक्ष भदंत डॉ. राहुल बोधि,महाथेरो, परमार्थ निकेतन,ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद सरस्वती जी, प्रवीण छेड़ा,भाजपा सचिव,मुम्बई, राम कदम,एमएलए,घाटकोपर पश्चिम क्षेत्र, अर्जुन मुद्दा,फिल्म एंड म्यूज़िक इवेंट्स ऑर्गनाइज़र, सीए दिशा मुद्दा,प्ले बैक सिंगर, राजयोगिनी डॉ. ब्र.कु. नलिनी दीदी,निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़ घाटकोपर सबज़ोन, राजयोगिनी ब्र.कु. शकु दीदी,अति. निदेशिका,ब्रह्माकुमारीज़ घाटकोपर सबज़ोन, ब्र.कु. विष्णुप्रिया बहन,वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका, ब्र.कु. निकुंज भाई,लोकप्रिय स्तंभकार एवं ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया विंग के राष्ट्रीय समन्वयक सहित अन्य विशिष्ट लोग मौजूद रहे।



उकलाना मंडी-हरियाणा। नवनियुक्त भाजपा हिसार जिलाध्यक्ष बहन डॉ. आशा खेदड को सेवाकेन्द्र में आने पर ईश्वरीय स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए ब्र.कु. दीपक भाई,माउण्ट आबू। साथ हैं सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. किरण बहन तथा समाजसेवी विनय जी।



नदबई-भरतपुर(राज.)। प्रजापिता ब्रह्मा बाबा के अव्यक्त स्मृति दिवस पर अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष हरवती सिनसिनवार, ब्र.कु. संतोष बहन, ब्र.कु. हीरा बहन, ब्र.कु. प्रीति बहन तथा अन्य।




छतरपुर-किशोर सागर(म.प्र.)। ब्रह्माकुमारीज़ के ग्राम विकास प्रभाग एवं स्थानीय सेवाकेन्द्र द्वारा ग्राम बरकोंहा में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किसानों में जागृति लाने और उन्हें अपनी भारतीय कृषि पद्धति से जोड़े रखने के उद्देश्य से 'समृद्ध किसान देश की शान' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्र.कु. कल्पना बहन, ब्र.कु. मोहिनी बहन, भागवत कथा वाचक व्यास रूद्र देव जी महाराज, ग्राम सरपंच प्रीतम यादव, ब्र.कु. पंकज, ब्र.कु. अल्लू, ब्र.कु. रामपाल, ब्र.कु. राम, ब्र.कु. ज्ञानू, ब्र.कु. पवन व अन्य ब्र.कु. भाई-बहनों सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।



दिल्ली-मजलिस पार्क(खेराकलां)। अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में स्थानीय राम मंदिर से रैली निकालते हुए ब्र.कु. सुभ्रा बहन तथा अन्य।

For Online Transfer

Name: OM SHANTI MEDIA OF RERF
Pay Directly to: osmorerf@indianbk

BANK NAME:- INDIAN BANK
BRANCH:- Shantivan, Talhati
ACCOUNT :- OM SHANTI MEDIA OF RERF
ACCOUNT NO:- 7552337300,
IFSC - CODE:- IDIB000S319
Note:- AfterTransfer send detail on
E-Mail - omshantimedia.acct@bkivv.org
E-Mail - omshantimedia@bkivv.org

ओमशान्ति मीडिया सदस्यता हेतु सम्पर्क करें
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
संपादक - ब्र.कु. गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़,शान्तिवन,तलहटी, पोस्ट बॉक्स न-5,आबू रोड, राज. 307510
सम्पर्क- M- 9414006096, 9414154344, 9414182088
Email-omshantimedia@bkivv.org
सदस्यता शुल्क : भारत - वार्षिक - 240 रुपये, तीन वर्ष - 720 रुपये, आजीवन - 6000 रुपये
Website: www.omshantimedia.org